सं: 1:05:138:II:सीएस
दिनांक: 1 जुलाई, 2020

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड **लिस्टिंग विभाग, एक्सचेंज प्लाजा,** **बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू), मुंबई-400 051**	**बंबई स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड,** **कॉर्पोरेट सेवाएं विभाग, मंजिल-25,** **पी .जे .टावर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400 001**

विषय: 1. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में श्री एन.बी. गुप्ता के कार्यकाल का समापन।
2. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा का पदभार-ग्रहण।

महोदया/महोदय,

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुरूप, हम एतदद्वारा निम्नलिखित को रिपोर्ट करते हैं:

I. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में श्री एन.बी. गुप्ता के कार्यकाल का समापन

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय के पत्र सं. एफ़.नं. 8/1/2016-पीएफसी डेस्क के अनुक्रम में, श्री नवीन भूषण गुप्ता ने दिनांक 18 अगस्त, 2017 से दिनांक 30.06.2020 तक अर्थात उनकी अधिवर्षिता की तारीख या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, निदेशक (वित्त), पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड का पदभार-ग्रहण किया था। 30 जून, 2020 को उक्त कार्यकाल की समाप्ति पर श्री एन.बी. गुप्ता दिनांक 1 जुलाई, 2020 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के पद से हट गए हैं।
कार्यकाल समापन की तारीख	1 जुलाई, 2020

II. पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में श्रीमती परमिंदर चोपड़ा का पदभार-ग्रहण

परिवर्तन का कारण	विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने दिनांक 20 मई, 2020 के पत्र सं. 24-8/2/2019-पीएफसी (एमओपी) द्वारा यह सूचित किया गया है कि कंपनी के संगम अनुच्छेद के अनुक्रम में, माननीय राष्ट्रपति दिनांक 01.07.2020 को या उसके बाद उनके पद के कार्य-भार ग्रहण की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के लिए या उनकी अधिवर्षिता की तारीख तक, जो भी पहले हो, 1,80,000-3%-3,40,000 रुपए के वेतनमान (आईडीए) में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निदेशक मंडल में निदेशक (वित्त) के पद हेतु श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, कार्यपालक निदेशक, पीएफसी को सहर्ष नियुक्त करते हैं। इन्होंने दिनांक 01 जुलाई, 2020 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक (वित्त) के रूप में पद-भार ग्रहण कर लिया है।
नियुक्ति की तारीख	1 जुलाई, 2020
संक्षिप्त प्रोफाइल	श्रीमती परमिंदर चोपड़ा ने दिनांक 01 जुलाई, 2020 से पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (वित्त) का पद-भार ग्रहण कर लिया है। इन्होंने वाणिज्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और एक अर्हता-प्राप्त कॉस्ट एकाउंटेंट हैं। इन्हें विद्युत क्षेत्र में 32 वर्ष से अधिक का अनुभव प्राप्त है, जिसमें इन्होंने नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनएचपीसी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (पीजीसीआईएल) और आरईसी जैसे संस्थानों में अपनी सेवाएं दीं। इन्होंने सितंबर, 2005 में पीएफसी जॉइन किया और वे वर्तमान में पीएफसी में कार्यपालक निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं। इन्हें निधि प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय वित्त, आंतरिक लेखा-परीक्षा, लेखा निर्धारण, ऋण नीति, संसाधन जुटाव आदि के क्षेत्रों में गहन अनुभव प्राप्त है।
निदेशक के मध्य संबंध	शून्य

इसके अतिरिक्त, यह भी सूचित किया जाता है कि इनके द्वारा की गई घोषणा के अनुसार, श्रीमती परमिंदर चोपड़ा को सेबी या किसी ऐसे प्राधिकरण के किसी आदेश द्वारा निदेशक के कार्यालय को धारण करने से रोका नहीं गया है।

आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु प्रस्तुत।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(मनोहर बलवानी)
सीजीएम (सीपी) एवं कंपनी सचिव
mb@pfcindia.com